प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश सहित छह राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का दिया आदेश।
2. बहुजन समाज पार्टी ने चार लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की : लालगंज से बसपा सांसद संगीता आजाद भाजपा में हुइ शामिल।
3. पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को डूंगरपुर मामले में सात साल की सजा : अदालत ने आठ लाख रुपये जुर्माना भी लगाया।

और

4. ब्रज में छायी होली की उमंग : आज बरसाना की प्रसिद्ध लठमार होली पर परम्परा और भक्ति मे सराबोर हुए श्रद्धालु।

—————————

चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश के गृह सचिव संजय प्रसाद को पद से हटाने का आदेश दिया है। इसके अलावा गुजरात, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश ,उत्तराखंड, मिजोरम के गृह सचिव को भी हटाने का निर्देश दिया है। प्रदेश के गृह सचिव संजय प्रसाद 01 सितम्बर 2022 को मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव के साथ गृह विभाग के भी प्रमुख

सचिव बनाये गए थे। इस आदेश के बाद वह चुनाव में बतौर गृह सचिव काम नहीं कर सकेगे।

—————————

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने लोकसभा चुनाव में कानपुर, मेरठ, अकबरपुर, बागपत लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। बसपा की ओर से कानपुर लोकसभा सीट से कुलदीप भदौरिया, अकबरपुर लोकसभा सीट से राजेश द्विवेदी, बागपत लोकसभा सीट से प्रवीण बैंसला और मेरठ लोकसभा सीट से देवव्रत त्यागी का नाम घोषित हुआ है। बसपा ने अभी तक 14 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है।

—————————

लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। आजमगढ़ जनपद से सटी लालगंज लोकसभा सीट से सांसद संगीता आजाद आज बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने नई दिल्ली स्थित भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में संगीता आजाद को भाजपा में शामिल कराया। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता सीमा कुशवाहा ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा परिवार में सांसद संगीता आजाद का स्वागत किया।

———————

देश में पहले चरण के लिये 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण के लिये परसों यानी बुधवार को अधिसूचना जारी की जायेगी। प्रदेश में इस चरण में आठ लोकसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे। यह सीटें हैं सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, कैराना, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत। प्रशासन ने अधिसूचना जारी होने और नामांकन प्रक्रिया शुरू किये जाने को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। पीलीभीत से हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट........

*"तराई की पीलीभीत लोक सभा सीट पर पिछले दो दशक से भाजपा का कब्जा है। वर्ष 2004 और 2014 में यहां से गांधी नेहरू परिवार की छोटी बहू मेनका संजय गांधी भाजपा के टिकट पर सांसद चुनी गईं। 2009 और 2019 के चुनाव में उनके सुपुत्र वरुण फिरोज गांधी ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की। इस बार अभी तक बसपा ने अनीश अहमद को प्रत्याशी घोषित किया है जबकि अन्य दलों ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। जिले में बुधवार को अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन शुरू होंगे। इसको लेकर कलेक्ट्रेट में मंगलवार से बेरिकेटिंग कराई जाएगी।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर तैयारियां परखीं। ईवीएम रखने के लिए मंडी स्थल के शेडों की साफ सफाई कराई गई है। अधिकारियों ने वहां पहुंचकर स्ट्रांग रूम और पोलिंग पार्टी रवाना करने के स्थल का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सतीश मिश्र आकाशवाणी समाचार पीलीभीत।*

———————

आम चुनाव के ऐलान के साथ ही मतदान को लेकर लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने की मुहिम भी तेज हो गई हैं। चुनाव आयोग की इस मुहिम में प्रशासन और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं लगातार सहयोग कर रही है। मतदाता जागरूकता के क्रम में विशेष जोर महिला और पहली बार वोट डालने युवाओं पर है। कौशांबी जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने आज मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोजित महिला मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली को डायट मैदान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस स्कूटी रैली के दौरान "छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलों करें मतदान" व "पहले मतदान, फिर जलपान" तथा "चाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी" जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया गया।

वहीं दूसरी तरफ शामली से हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि युवाओं को जागरूक करन के लिये निर्वाचन आयोग कॉमिक्स जैसे अनूठे माध्यम का सहारा ले रहा है।

*लोकसभा निर्वाचन–2024 के मद्नेजर देश के भारत निर्वाचन आयोग ने अनूठी पहल की है। इसके तहत जिला प्रशासन बच्चों को चुनाव और चुनावी प्रक्रिया समझाने के लिए चाचा चौधरी, साबू, राका, धमाका सिंह, बिल्लू समेत अन्य कामिक्स पात्रों की मदद से जागरूक कर रहा है। दरअसल इन कामिक्स पात्रों की मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए कई रोचक कहानियां चाचा चौधरी और चुनावी दंगल कामिक्स में प्रकाशित की गई हैं। इन*

*कामिक्स को बीएलओ को उपलब्ध कराया गया था। इनके जरिये बीएलओ मतदाताओं को मतदान का महत्व बता रहे हैं। खासतौर से इस कामिक्स में मतदाता पंजीकरण, इसीआई द्वारा विभिन्न विकसित एप जैसे नो योर कैंडिडेट एप, सीविजिल और माय बूथ समेत विभिन्न एप के बारे में भी जानकारी दी गई है। अनुज कुमार, आकाशवाणी समाचार, शामली।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।**

**प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।**

——————————

**रामपुर की अदालत ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को 7 साल और 8 लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। आज डूंगरपुर प्रकरण में आजम समेत 4 लोगों को सजा सुनाई गई है और जुर्माना लगाया गया है। साथ इस मामले में 3 आरोपी बरी किए गए हैं। आजम खान के अलावा बाकी 3 अभियुक्तों पूर्व सीओ सिटी आले हसन खान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान और बरकत अली ठेकेदार को अधिकतम 5 साल की सजा दी गई है और 2 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। वर्ष 2019 में वादी**

एहतेशाम की ओर से लिखाय गए इस मुकदमे में आज फैसला सुनाया गया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि आजम खान को आईपीसी की धारा 452 के तहत घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में 7 साल की सजा और 5 लाख रुपए जुर्माना लगा है। इसके अलावा अन्य धाराओं में भी तीन लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी। जज विजय कुमार की एमपी एमएलए कोर्ट ने 16 मार्च को आजम खान को दोषी करार दिया था। मामले में आजम खान सीतापुर जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए।

————————

मथुरा के बरसाना में होली का उत्सव मनाया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु इस होली का आनंद लेने के लिय आते हैं। आज यहां लठमार होली मनाई जा रही है। लठमार होली के दिन पूरे ब्रज में होली का एक अलग ही रंग देखने को मिलता है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट.........

*मथुरा धर्म की नगरी बरसाना में विश्व प्रसिद्ध लठ्ठमार होली बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ खेली गई। राधारानी रुपी गोपियों ने नंदगाँव के हुरियारों पर जमकर लाठियां बरसाईं और हंसी ठिठोली अबीर गुलाल से होली खेली गई। होली का आनंद लेने के लिए देश–विदेश से कोने–कोने से आये श्रद्धालुओं ने जमकर होली आनंद लिया और होली के रंगो में सराबोर हो गये। मान्यता है कि बरसाने की महिलाओं की लाठी जिसके सिर पर छू*

*जाए, वो सौभाग्यशाली माना जाता है। होली पर परंपरा, आस्था और भक्ति के रंग में पूरा ब्रज डूबा हुआ है। बरसाना में सदियों पुरानी लीला एक बार फिर जीवंत हो उठी। यहाँ पुलिस के सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किये गए। मो0 उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

———————

मुजफ्फरनगर जिले में कल देर रात एक सिपाही ने चंदौली जिले के बैरठ निवासी और वाराणसी में सेवारत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। वाराणसी के पुलिस लाइन में तैनात आरोपी सिपाही चंद्रप्रकाश शिक्षक के साथ ही यूपी बोर्ड को हाई स्कूल परीक्षा की कॉपी जमा कराने मुजफ्फरनगर आया था। घटना के बाद शिक्षकों के संगठनों में काफी आक्रोश है। आज मुजफ्फरनगर, जौनपुर, अमरोहा समेत कई जिलों में शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। इस बीच उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के निदेशक डॉक्टर महेंद्र देव ने घटना पर दुख जताते हुए कहा है कि आरोपी सिपाही को पुलिस हिरासत में लेकर कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही शिक्षक के परिवार को आर्थिक सहायता देने के लिए शासन से अनुरोध किया गया है।

———————

गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने नियमित कक्षा वाले पाठ्यक्रम में प्रवेश न

ले पाने वाले देश–विदेश के विद्यार्थियों को ऑनलाइन कोर्स करने का अवसर देने की पहल की है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन तथा दूरस्थ शिक्षा केन्द्र की स्थापना की है। नये सत्र से विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलने लगेगा। इस संबंध में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा केन्द्र की स्थापना से उन विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा, जो किन्ही कारणों से नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेश नही ले पाते हैं।

(समाप्त)